A

समग्र शिक्षा, केरल

609

FIRST TERMINAL EVALUATION 2019-20

पहला कार्यकालांत मूल्यांकन

कक्षा 6 | हिंदी | समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश:

- पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : खंड के अनुसार प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं रेडियो हूँ। बहुत साल पहले मेरा जन्म हुआ था। मेरे जन्मदाता मार्कोणी हैं। मैं समाचार, गीत, नाटक, आदि सुनाता हूँ। मुख्य रूप से संसार के साधारण लोग मुझे सुनते हैं। बिजली मेरा जीवन है। मैं लोगों की सहचारी हूँ।

1. यह कहानी किसकी है?
   - क) समाचार की
   - ख) बिजली की
   - ग) टी वी की
   - घ) रेडियो की

2. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।
   - क) रेडियो का जन्म अभी-अभी हुआ।
   - ख) रेडियो का जन्म बहुत साल पहले हुआ।
   - ग) रेडियो का जन्म आधुनिक काल में हुआ।
   - घ) रेडियो का जन्म कभी नहीं हुआ।

3. रेडियो का आविष्कार किसने किया?
   - क) मार्कोणी ने
   - ख) एडिसन ने
   - ग) गलीली ने
   - घ) न्यूटन ने

4. मुख्य रूप से रेडियो का उपयोग कौन करता है?
   - क) संसार के अमीर लोग
   - ख) संसार के साधारण लोग
   - ग) संसार के भूखे लोग
   - घ) संसार के नेता लोग

5. रेडियो का जीवन क्या है?
   - क) हवा
   - ख) पानी
   - ग) बिजली
   - घ) मिट्टी

गतिविधि 2

सूचनाः कवितांश पढ़ें और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखें।

प्यारी प्यारी चिड़िया रानी
चह-चह कहकर उड़ती रानी
डाल-डाल पर बैठती रानी
फूल-फूल पर जाती रानी
प्यारी प्यारी चिड़िया रानी

(क) चिड़िया रानी कहाँ बैठती है?

(ख) कविता का आशय लिखें।

गतिविधि 3

सूचना : पोस्टर तैयार करें।

इस साल अपने स्कूल पर 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाए होंगे। इस सिलसिले में आपने क्या-क्या किये थे? समारोह का उद्घाटन किसने किया था? क्या आपने पेड़ लगाए थे? समारोह में कौन-कौन आए थे?

5 जून के पर्यावरण दिवस समारोह का एक पोस्टर तैयार करें।

गतिविधि 4

सूचना : चित्रकथा के चित्रों को पहचानें और वाक्यों को क्रमबद्ध करें।





- चूहा दौड़कर अलमारी के नीचे छिप गया।
- फिर वह मटके के पीछे से घुस गया।
- मिट्ठू बिल्ली एक दिन रसोई के कोने में से एक चूहे को पकड़ने दौड़ी।
- माताजी ने झाड़ू से बिल्ली को मारा।
- बिल्ली चूहे को पकड़ने लगी तो मटका टूटा।

गतिविधि 5

सूचना : कवितांश पढ़ें और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वर्षा आई वर्षा आई
ठंडी-ठंडी बूँदें आई
चम चम चम चम बिजली आई
वर्षा आई वर्षा आई

काला काला बादल आया
....
....
....

(क) कवितांश में पंक्तियाँ जोड़ें।
(ख) कवितांश में किसके आने के बारे में कहा गया है?
(हवा, धूप, वर्षा, धुआँ)
(ग) कवितांश के लिए शीर्षक दें।

काला बादल
क्रों-क्रों मेंढक
बहता-बहता पानी
नाचता-नाचता मोर

गतिविधि 6

सूचना : चित्र देखें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

(क) चित्र के आधार पर विवरण तैयार करें। (कम से कम चार वाक्य)

(ख) विवरण के लिए उचित शीर्षक दें।